# राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)

## विज्ञापन संख्या.: 21005/आरईसीटीटी/2020

### महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| पात्रता के लिए निर्णायक तिथि | 31.07.2020 |
| आवेदन शुरू करने की तिथि | 11.07.2020 (TIME: 1000 HRS) |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 31.07.2020 (TIME: 1700 HRS) |
| परीक्षा की तिथि | 31.08.2020 |

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है, जो मॉडर्न मेडिसिन के क्षेत्र में उच्च मानकों और राष्ट्रीय स्तर पर संबद्ध विशिष्टताओं के स्नातकोत्तर परीक्षा आयोजित करता है।

## भाग-1

1.2 रिक्तियों का विवरण:

| क्र.स.. | पद का नाम | पे स्केल/मेट्रिक्स लेवेल | पदों की संख्या | पात्रता की शर्तें |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | वरिष्ठ सहायक | लेवेल 7 | 18 | उम्र: 27 वर्ष से अधिक न हो<br>शैक्षणिक अहर्ता<br><u>आवश्यक</u><br>1. मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से स्नातक की डिग्री<br>2. एनबीई द्वारा निर्धारित परीक्षा को उत्तीर्ण करना |
| 2. | कनिष्ठ सहायक | लेवेल 2 | 57 | उम्र: 27 वर्ष से कम हो.<br>शैक्षणिक अहर्ता<br><u>आवश्यक</u><br>1. केंद्रीय / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय सेवरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा(10+2) उत्तीर्ण<br>2. विंडोज / नेटवर्क ऑपरेटिंग सिस्टम / लैन आर्किटेक्चर जैसे कंप्यूटर और बेसिक सॉफ्टवेयर पैकेज के उपयोग में दक्षता |
| 3. | कनिष्ठ लेखाकार | लेवेल 4 | 7 | उम्र: 27 वर्ष.<br>शैक्षणिक अहर्ता<br><u>आवश्यक</u><br>1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित या सांख्यिकी के साथ स्नातक डिग्री या वाणिज्य में डिग्री।.<br><u>वांक्षणीय अहर्ता</u><br>1. किसी सरकारी संस्थान मे लेखा कार्य करने का 3 वर्षों का अनुभव एवं कंप्यूटर आधारित लेखांकन का ज्ञान । |
| 4. | आशुलिपिक | लेवेल 2 | 8 | उम्र: 18-27 वर्ष.<br>शैक्षणिक अहर्ता<br><u>आवश्यक</u><br>1. वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा (10+2)<br><u>अन्य अहर्ता</u><br>1. आशुलिपि 30शब्द प्रति मिनट/80 टाइपिंग में आशुलिपिक कौशल /<br>2. उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली सामान्य अंग्रेजी शॉर्टहैंड और /टाइपिंग में परीक्षा में शामिल होना होगा।<br><u>वांक्षणीय अहर्ता</u><br>1. सरकार/पीएसयू/स्वायत्त निकाय मे आशुलिपिक के रूप मे कार्य करने का 2 वर्षों का अनुभव एवं कंप्यूटर पर कार्य संपादित करने की योग्यता |

ध्यान दें:

(a) रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और इसमे बिना किसी पूर्व सूचना के वृद्धि / कमी / वापस ली जा सकती है
(b) यदि कोई उम्मीदवार उपयुक्त नहीं पाया जाता है तो रिक्ति को खाली रखा जा सकता है।.
(c) एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल/ईडबल्यूएस के लिए रिक्तियों मे आरक्षण भारत सरकार के नियमानुसार है। रिक्तियों की कुल संख्या मे दिव्यंगों के लिए रिक्ति भी शामिल है।

| क्र.स. | पद का नाम | पे स्केल/मेट्रिक्स लेवेल | पदों की संख्या | RESERVATION | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 1. | वरिष्ठ सहायक | 7 | 18 | 11 | 2 | 1 | 4 |
| 2. | कनिष्ठ सहायक | 2 | 57 | 28 | 7 | 5 | 17 |
| 3. | कनिष्ठ लेखाकार | 4 | 7 | 5 | 1 | NIL | 1 |
| 4. | आशुलिपिक | 2 | 8 | 5 | 1 | NIL | 2 |

1.2 **आवश्यक शैक्षणिक योग्यता:** जैसा कि पात्रता शर्तों मे जिक्र है, उम्मीदवार के पास निर्णायक तिथि तक आवेदित पद के लिए आवश्यक शक्षणिक योग्यता होनी चाहिए। जो निर्णायक तिथि तक आवश्यक योग्यता के अंतिम परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं, वो आवेदन के लिए योग्य नहीं हैं। अतः ऐसे उम्मीदवार आवेदन ना करें।

1.3 **पात्रता के लिए निर्णायक तिथि को उम्र:** उम्मीदवार को 18 वर्ष कि उम्र पूरी कर लेनी चाहिए एवं अधिकतम उम्र टेबल 1.1 के कॉलम 5 मे दिए विवरण के अनुसार होनी चाहिए।

1.4 **उम्र मे छूट** – उम्र मे छूट समय समय पर भारत सरकार के निर्देश/एनबीई संचालन निकाय के निर्णय अनुसार दिए जा सकते हैं।

1.5 **चयन की विधि** -एनबीई द्वारा आयोजित परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना होगा या जैसा कि एनबीई द्वारा निर्धारित किया जाएगा। टीसीएस द्वारा 31.08.2020 को आयोजित की जाने वाली कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा (सीबीटी) में उपस्थित होने के लिए आपको अपना पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। इस उद्देश्य के लिए, आपको टीसीएस की वेबसाइट का उपयोग करना होगा जिसका लिंक नीचे दिया गया है जो आपको उनकी वेबसाइट पर ले जाएगा जिसमें आप अपना पंजीकरण कर सकते हैं। चयनिय उम्मीदवारों की सीबीटी सूची के आधार पर पोस्ट / ग्रेड की प्रत्येक श्रेणी के लिए क्रमबद्ध सूचितैयारी की जाएगी जिन्हें एनबीई द्वारा 20.09.2020को आयोजित किए जाने वाले एक और कौशल परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। पद के लिए भर्ती नियमों में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा आदि जैसे पात्रता शर्तों के संदर्भ में उम्मीदवारों की पात्रता की जांच केवल चयनित उम्मीदवारों की होगी। इसलिए, सीबीटी के लिए पंजीकरण करने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को खुद को संतुष्ट कर लेना चाहिए कि वह संबंधित पद / ग्रेड के लिए योग्य है और इस संबंध मे एनबीई कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा, यदि वे 20.09.2020को आयोजित किए जाने वाले कौशल परीक्षण के समय पद के लिए अनुपयुक्त पाए जाते हैं।

1.6 **रिक्तियों का विवरण:** जैसा कि टेबल 1.1 के कॉलम 3 मे दिया गया है।

1.7 **पे मेट्रिक्स लैवल :**जैसा कि टेबल 1.1 के कॉलम 4 मे दिया गया है।

1.8 **दिव्याङ्ग उम्मीदवार (पीडबल्यूडी):-** कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36035/02/2017-Estt (Res) दिनांक 15-01-2018के पैरा 2.2 के अनुसार दिव्याङ्ग के रूप मे पहचाने गए विभिन्न विकलांगताओं से पीड़ित उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पत्र मे पीडबल्यूडी के श्रेणियों का चयन कर सकते हैं: वर्ग ए: (ए) दृष्टिविहीनता और कम दृष्टि ; वर्ग बी: (बी) श्रवणवाधा अथवा सुनने मे कठिनाई ; वर्ग सी(सी) सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठरोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ितों और मांसपेशियों की डिस्ट्रोफी सहित लोकोमोटर विकलांगता; वर्ग डी : (डी) आत्मकेंद्रित, बौद्धिक विकलांगता, सीखने की विशिष्ट विकलांगता एवं मनोरोग। (ई) बहरा-अंधापन सहित क्लॉज(ए) से (डी) के तहत व्यक्तियों के बीच कई विकलांगता

1.9 **नियुक्ति का स्थान :-** नई दिल्ली। किन्तु भारत के किसी भी स्थान मे तैनाती की जा सकती है। .

2.0 **पंजीयन के लिए टीसीएस का वेबसाइट लिंक:** पंजीयन|लॉगिन

## भाग – 2 पात्रता की शर्तें एवं अन्य लागू शर्तें

**2.1 पारिश्रमिक एवं सेवा शर्तें:** भर्ती किए गए उम्मीदवारों को सातवें वेतन आयोग के पे मेट्रिक्स के अनुसार कॉलम 4 मे उल्लेखित लेवल पर भारत सरकार के नियमों के अनुसार और समय समय पर संशोधित एनबीई नियमों के अनुसार वेतन एवं अन्य लाभ जिनमे महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, बच्चो की शिक्षा भत्ता, छुट्टी यात्रा रियायत आदि शामिल हैं, दिया जाएगा। भर्ती किए गए उम्मीदवारों को सरकार के नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत कवर किया जाएगा, जबतक की अन्य व्यवस्था लागू नहीं किया जाता है। चयनित उम्मीदवारों को एनबीई नियमों के अनुसार परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा।

**नोट:**

iv) उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वो सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं । चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में उनका प्रवेश विशुद्ध रूप से अनंतिम होगा, जो निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन होगा। यदि चयन प्रक्रिया के दौरान या बाद में सत्यापन के समय, यह पाया जाता है कि, वे पात्रता मानदंडों में से किसी को पूरा नहीं करते हैं, तो उनकी उम्मीदवारी / नियुक्ति को बिना सूचना के रद्द कर दिया जाएगा, और इस संबंध मे किसी भी निवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

v) प्रक्रिया के किसी भी चरण मे अनंतिम शॉर्ट लिस्टिंग/चयन या परीक्षा मे सफलता, नियुक्ति का कोई अधिकार प्रदान नहीं करती है, जबतक की एनबीई उम्मीदवार के पद पर नियुक्ति के लिए हर तरह से योग्यता की आवश्यक जांच कर संतुष्ट न हो।

vi) पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन का तरीका, परीक्षाओं का संचालन, परीक्षा केन्द्रों का आवंटन और अनंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों को विशिष्ट कार्यालय/शहर के लिए नामित करने से संबन्धित सभी मामलों मे एनबीई का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा और इस संबंध मे किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

### 2.2 आरक्षण/रियायत का लाभ :

D) जो उम्मीदवार आरक्षण/रियायत का लाभ लेना चाहते हैं उन्हे यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए

E) 40% से अधिक के बेंचमार्क शारीरिक विकलांगता वाले उम्मीदवारों को केवल विकलांगता (PwD) वाले व्यक्ति के रूप में माना जाएगा और ऐसे उम्मीदवार ही दिव्याङ्ग श्रेणी के लिए आरक्षण का हकदार होगा।

F) यह ध्यान दें कि, संबंधित दस्तावेजों की सत्यता सत्यापित / नियुक्त अधिकारी द्वारा सत्यापित होने तक उम्मीदवारी अनंतिम रहेगी।

## भाग -3आवेदन कैसे करें

**3.1 आवेदन कैसे करें :**पद के लिए पात्रता के बारे में, आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को खुद को संतुष्ट करना चाहिए। इसलिए, उम्मीदवारों को विज्ञापन को ध्यान से पढ़ने और आवेदन पत्र को पूरा करने और बाद के चरण में अस्वीकृति से बचने के लिए निर्देशों के अनुसार जमा करने का आग्रह किया जाता है।

B) सभी आवेदकों को टीसीएस द्वारा आयोजित किए जाने वाले कंप्यूटर आधारित टेस्ट में उपस्थित होने के लिए खुद को पंजीकृत करना होगा। इस उद्देश्य के यहाँपर क्लिक करने पर आपको टीसीएस की वेबसाइट पर प्रेषित किया जाएगा, जिसमें आप पंजीकरण कर सकते हैं।

D) उम्मीदवारों को अपने स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अप्रत्याशित आकस्मिकता की संभावना से बचने के लिए अंतिम तिथि से बहुत पहले टीसीएस की वेबसाइट में खुद को पंजीकृत करें और अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें। एनबीई किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त करने में किसी भी देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

E) उम्मीदवार को अपना नाम, जन्म तिथि, पिता का नाम और माता का नाम मैट्रिकुलेशन / सेकेंडरी / आईटीआई / किसी अन्य परीक्षा प्रमाण पत्र में दिए गए विवरण अनुसार भरना होगा; अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

H) उम्मीदवारों को अपना स्वयं का सक्रिय मोबाइल संख्या और वैध और सक्रिय व्यक्तिगत ईमेल आईडी देना चाहिए। एनबीई आवेदन जमा करने के बाद मोबाइल संख्या और ईमेल पते को बदलने के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।

ई) टीसीएस के साथ पंजीकरण के समय निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां अवश्य अपलोड की जानी चाहिए:

(i) आयु और शैक्षणिक योग्यता प्रमाण के लिए 10वी का प्रमाणपत्र .

(ii) 12वी कक्षा का प्रमाणपत्र.

(iii) स्नातक की डिग्री.

(iv) स्नातक की अंकतालिका

**(v) स्नातकोत्तर डिग्री**

**(vi) अनुभव प्रमाणपत्र**

**(vii) अनापत्ति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)**

**(viii) सक्षम प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया जाति/दिव्याङ्ग/ईडबल्यूएस/ प्रमाणपत्र (यदि लागू हो).**

**(ix) पासपोर्ट आकार की तस्वीर (केवल अद्यतन तस्वीर का उपयोग करें जो 30 दिन के अंदर ली गई हो और भविष्य मे उपयोग के लिए इसके पर्याप्त प्रति रख लें )**
**(x) पहचान प्रमाण (आईडी) (जैसे आधार / ई-आधार का प्रिंटआउट, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस, मूल १० वीं प्रमाण पत्र आदि) जो परीक्षा और दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान भी होना चाहिए।**

**I) भर्ती चक्र के दौरान संपर्क विवरण जैसे ई-मेल, मोबाइल नंबर, पत्राचार और स्थायी पता आदि सही और सक्रिय होना चाहिए। आवेदनों की प्राप्ति के बाद NBE से कोई लिखित या टेलीफोनिक संचार नहीं होगा। सभी विवरण वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे और उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया से संबंधित घटनाओं और गतिविधियों का अद्यतन प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर जाना चाहिए।**

**J) उम्मीदवारों को पात्रता की तिथि तक सभी अर्जित योग्यताएं जमा करना आवश्यक है।**

**3.2 आवेदन शुल्क , भुगतान की विधि और भुगतान से छूट :**

**C) आवेदन शुल्कः**

**(i) सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों द्वारा गैर-वापसीयोग्य आवेदन शुल्क रु 1500 / - (एक हजार पाँच सौ रुपये मात्र)+ जीएसटी का भुगतान किया जाना है।**

**(ii) एससी / एसटी / पीडब्ल्यूडी / ईएसएम / ओबीसी-एनसीएल/ईडबल्यूएस/महिला श्रेणी के उम्मीदवारों द्वारा गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क रु 750 / - (सात सौ पचास मात्र)+ जीएसटी का भुगतान किया जाना है।**

**D) आवेदन शुल्क भुगतान की विधि: पंजीकरण के समय शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है। एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी कारण से और किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा के लिए समायोजित किया जाएगा।**

**3.3 परीक्षा केंद्र – विवरण एनबीई के वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।**

**3.4 चयन प्रक्रिया के लिए परीक्षा की योजना –चयन 31.08.2020 को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) द्वारा आयोजित किए जाने वाले कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) के माध्यम से किया जाएगा। एक बार जब उम्मीदवार खुद को टीसीएस की वेबसाइट पर पंजीकृत कर लेते हैं, तो परीक्षा केंद्रों के, समय आदि के बारे में आगे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा।**

**31.08.2020 को आयोजित होने वाले कंप्यूटर आधारित टेस्ट / परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम निम्नानुसार हैं :**

वरिष्ठ सहायक और कनिष्ठ लेखाकार (स्नातक स्तर की परीक्षा)

| **खंड का नाम** | **प्रति प्रश्न अंक** | **प्रश्नों की संख्या** |
|---|---|---|
| सामान्य बुद्धि और तर्क: | 1 | 50 |
| सामान्य ज्ञान**:** | 1 | 50 |
| **अंकगणितीय योग्यता**: | 1 | 50 |
| **अँग्रेजी की समझ** : | 1 | 50 |
| कुल | **4** | **200** |

**परीक्षा की अवधि : 180 मिनट**

**कनिष्ठ सहायक और आशुलिपिक (10+2 स्तर की परीक्षा)**

| **खंड का नाम** | **प्रति प्रश्न अंक** | **प्रश्नों की संख्या** |
|---|---|---|
| सामान्य बुद्धि और तर्क: | 1 | 50 |
| सामान्य ज्ञान**:** | 1 | 50 |
| **अंकगणितीय योग्यता**: | 1 | 50 |
| **अँग्रेजी की समझ** : | 1 | 50 |
| कुल | **4** | **200** |

**परीक्षा की अवधि : 180 मिनट**

## भाग -4विविध शर्ते

**4.1 विविध :**

A). सभी दस्तावेजों पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर समान होने चाहिए और हस्तलिखित होने चाहिए औरब्लॉक / कैपिटल या असम्बद्ध अक्षर मे नहीं होने चाहिए । एनबीई द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए गए परीक्षा और दस्तावेज़ सम्पादन आदि के समय अलग-अलग शैली या भाषा मे हस्ताक्षर करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।

D) उम्मीदवार ध्यान दें कि आवेदन में उल्लिखित विवरणों को अंतिम माना जाएगा और किसी भी परिस्थिति में आवेदन प्रस्तुत करने के बाद किसी भी बदलाव / परिवर्तन / संशोधन की अनुमति / उसपर विचार नहीं किया जाएगा।

E) किसी भी गणमान्य व्यक्ति के नाम / फोटो का दुरुपयोग करके फर्जी / मनगढ़ंत आवेदन / पंजीकरण के मामले में, ऐसे उम्मीदवार को इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा और वो उपयुक्त कानूनी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

D). परीक्षा / भर्ती प्रक्रिया में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता किसी भी उम्मीदवारों के लिए देय नहीं होगा।

E). किसी भी रूप मे पक्ष-प्रचार करने से आवेदन अयोग्य मान लिया जाएगा और अस्वीकृत हो जाएगा। इसके अलावा, एनबीई ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाई करने का अिधकार सुरक्षित रखता है। किसी भी आधार पर जिसे संगठन उम्मीदवारी रद्द करने का पर्याप्त कारण मानता है भर्ती के किसी भी चरण मे उम्मीदवार की ऊमीदवारी रद्द किया जा सकता है ।

**4.2 उम्मीदवारों के प्राप्तांक एवं रैंक का सार्वजनिक प्रकाशन:** डीओपीटी द्वारा इसके ओ.एम. No.39020 / 1/2016-Estt। (B) दिनांक 21.06.2016 द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार , परिणाम की घोषणा के बाद, एनबीई द्वारा निर्धारित किए परीक्षा / भर्ती प्रक्रिया में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के अंकों / रैंकिंग को समय-समय पर वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। तदनुसार, उम्मीदवारों का निम्नलिखित विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा: (i) नाम (ii) पिता का नाम (iii) रोल नं। / उम्मीदवार का पंजीयन संख्या (iv) जन्म तिथि (v) आवेदित पोस्ट का नाम (vi) ) अर्हक परीक्षा मे प्राप्त कुल अंक(vii) पत्राचार पता (viii) ई-मेल । यद्यपि, आवेदन फॉर्म भरने के समय, उम्मीदवार के पास उपरोक्त विवरणों को सार्वजनिक रूप से प्रकट न करने का विकल्प चुनने का विकल्प होगा।

**4.3 चेतावनी : -**

C) ऊमीदवारों कोसलाह दीजातीहै कि वो किसी ठग या जालसाज तत्वों द्वारा एनबीई के नाम/लोगो का उपयोग करके किए जानेवाले जालसाजी वाले भर्ती विज्ञापनों एवं रोजगार प्रस्तावों के जाल मे न आए। भर्ती संबंधी किसी भी सूचना/अद्यतन जानकारी के लिए एनबीई की आधिकारिक वेबसाइट **natboard.edu.in है।**

D) कृपया ध्यान दें कि एनबीई चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में लागू आवेदन शुल्क(आवेदन जमा के साथ आवश्यक) को छोड़कर किसी भी भुगतान का अनुरोध नहीं करता है । यदि आपसे किसी भी अनुरोध के साथ संपर्क किया जाता है, तो कृपया इस तरह के ई-मेल / फोन कॉल आदि पर प्रतिक्रिया / कार्यवाई न करें और हमें हमारे ई-मेल या हेल्पलाइन नंबर पर तुरंत सूचित करें ।

**4.4 न्यायालय अधिकार क्षेत्र** :-इस भर्ती / चयन प्रक्रिया के संबंध में कोई भी विवाद केवल दिल्ली के अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालयों / न्यायाधिकरणों के अधीन होगा।

4.5 अनुवाद की अस्पष्टता, यदि कोई हो तो, विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण का हवाला देकर हल किया जाएगा। किसी भी अस्पष्टता के मामले में, एनबीई का निर्णय अंतिम होगा।

**4.6 संकेताक्षर : NBE = राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड , CAT= वर्ग, CBT= कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट,GST=वस्तु एवं सेवा कर, CPC=** केंद्रीय वेतन आयोग, **EQR= आवश्यक शैक्षणिक योग्यता , ESM=**भूतपूर्व सैनिक, **EWS=** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **Id= तस्वीर युक्त परिचयपत्र , NOC= अनापत्ति प्रमाण पत्र, OBC = अन्य पिछड़ा वर्ग, PWD= दिव्याङ्ग व्यक्ति, SC= अनुसूचित जाति , ST= अनुसूचित जनजाति, UR=अनारक्षित**

**हमसे संपर्क करें**

| | |
|---|---|
| **कार्यकारी निदेशक, राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई)** | **सहाता नंबर : 022-61087595**<br>**ई-मेल**:vacancy@natboard.edu.in<br>**वेबसाइट**:*natboard.edu.in* |

[NBE Recruitment Exam Mock Link]

**********